ISO 9001:2008

हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण

प्रीत विहार, दिल्ली रोड, हापुड़–245101

वेबसाइटः **www.hpdaonline.in,** ई–मेलः **hpda_1@rediffmail.com**

पत्र सं0 1037 / उपा0 / एच0पी0डी0ए0 / 23 दिनांक 27 / 07 / 2023

सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण की 67वीं बोर्ड बैठक दिनांक 19 / 06 / 2023 में लिये गये निर्णय के अनुक्रम में प्राधिकरण में 01 सेवानिवृत्त लेखपाल / अमीन एवं 01 सेवानिवृत्त तहसीलदार / नायब तहसीलदार को क्रमशः रू0 20,000 / – एवं रू0 40,000 / – प्रति माह (अन्य कोई देयता नहीं) पर प्राधिकरण कार्यहित में 06 माह की अवधि हेतु अनुबंध पर निम्नलिखित अर्हताओं एवं शर्तों के साथ रखे जाने हेतु आवेदन आमंत्रित किये जाते हैं–

1. उ0प्र0 शासन की सेवा से अथवा शासकीय निगमों / प्राधिकरणों से सेवानिवृत कार्मिक ही आवेदन हेतु पात्र होंगे।
2. प्राप्त आवेदनों में आवेदकों की दक्षता, सेवा के दौरान संबंधित की ख्याति एवं गुण–दोष के आधार पर 06 माह के अनुबंध पर अस्थाई रूप से निश्चित मासिक पारिश्रमिक देय होगा।
3. 65 वर्ष से कम आयु के सेवानिव्त्त कर्मी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। किसी भी दशा में 65 वर्ष से अधिक कर्मियों के आवेदन पर विचार नहीं किया जायेगा।
4. सेवानिवृत्ति के पश्चात पूर्णतः स्वस्थ सेवानिवृत्त कर्मी ही आवेदन हेतु पात्र होंगे। इस संबंध में मुख्य चिकित्साधिकारी / मुख्य चिकित्सा अधीक्षक का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
5. यदि अपने सेवाकाल की अवधि में शासकीय कार्यों के गुणवत्ता के कारण सरकारी / शासकीय तथा अपने विभाग द्वारा कोई प्रशंसा–पत्रिका / ऑनोरेरियम / विशेष पदोन्नति प्राप्त की हो, का प्रमाण–पत्र है, तो वह भी उपलब्ध करायें।
6. आवेदन के साथ रू0 10 / – के स्टाम्प पेपर पर नोटरी द्वारा सत्यापित इस आशय का शपथ–पत्र प्रस्तुत करना होगा कि सेवानिवृत्ति से विगत 10 वर्षों में उसके विरूद्ध कोई भी जांच / विभागीय कार्यवाही / दण्डात्मक कार्यवाही (वृहद दण्ड / लघु दण्ड) / सत्यनिष्ठा न प्रमाणित किया जाना शासकीय अथवा विभागीय स्तर पर न हो या दण्ड प्राप्त न किया गया हो।
7. सेवानिवृत्ति एवं आयु के संबंध में प्रमाण–पत्र प्रस्तुत करना होगा।
8. प्राधिकरण स्तर पर गठित बोर्ड / कमेटी द्वारा साक्षात्कार के उपरान्त योग्य आवेदक का चयन किया जायेगा।
9. चयनित ओवेदक को 06 माह के अनुबंध पर पूर्णतः अस्थाई रूप से रखा जायेगा तथा स्थायीकरण / निरन्तरता हेतु कोई क्लेम स्वीकार्य नहीं होगा।
10. उपाध्यक्ष, हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण द्वारा 06 माह से पूर्व भी बिना कारण बताये सेवा से हटाया जा सकता है।
11. उपाध्यक्ष, हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण, हापुड़ का निर्णय अन्तिम एवं बाध्यकारी होगा।

उपरोक्त के संबंध में आवेदन पत्र का प्रारूप प्राधिकरण कार्यालय अथवा प्राधिकरण की वेबसाईट http://hpdaonline.in से प्राप्त करते हुए निर्धारित प्रारूप पर भरे हुए आवेदन पत्र संबंधित प्रपत्रों सहित नियत तिथि तक प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान) के हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण, प्रीत विहार, हापुड़, उ0 प्र0 स्थित कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से अथवा डाक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं।

आवेदन हेतु अन्तिम तिथि– 14 / 08 / 2023 समय अपराह्न 05:00 बजे

साक्षात्कार की तिथि– 17 / 08 / 22023 समय पूर्वाह्न 11:00 बजे से

सचिव

हापुड़–पिलखुवा विकास प्राधिकरण, हापुड़ में
सेवानिवृत्त तहसीलदार/नायब तहसीलदार/अमीन/लेखपाल हेतु आवेदन पत्र

पासपोर्ट साइट प्रमाणित फोटोग्राफ

1 सेवानिवृत्त पद का नाम..

2 आवेदक का नामः–

(1) हिन्दी में ....

(2) अंग्रेजी में ....

3 पिता का नामः– ....

4 जन्म तिथि (हाई स्कूल प्रमाण पत्र के अनुसार) एवं आयु ....

5 (क) स्थाई पता : ....

....

....

(ख) पत्र व्यवहार का पताः ....

....

....

6 फोन/मोबाइल नं0 एवं ई–मेल आई.डी...

7 स्वास्थ्य की स्थिति (मुख्य चिकित्सा अधिकारी/मुख्य चिकित्सा अधीक्षक को प्रमाण पत्र भी संलग्न करें) :

....

....

....

8 प्रशंसा–पत्रिका/ऑनोरेरियम/विशेष पदोन्नति आदि का विवरण (यदि कोई हो) :

....

....

....

9 आवश्यक/वरीयान अर्हताओं सम्बंधी अन्य विवरण :

....

....

....

संलग्नकों का विवरण (समस्त वांछित प्रमाण–पत्र/शपथ–पत्र संलग्न करें)–

घोषणा

1. मैं एतदद्वारा घोषणा करता/करती हूँ कि मैने विज्ञापित की गयी पात्रता की शर्तें सावधानीपूर्वक पढ़ी हैं, वे मुझे मान्य हैं और मैं वह शर्तें पूरी करता/करती हूँ।
2. मैं यह भी घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन–पत्र में दिये गये सारे विवरण/सूचनायें सत्य एवं सही है और मैने इस विवरण/सूचनाओं में कोई तथ्य नहीं छिपाया है। यदि कोई विवरण/सूचना असत्य या गलत पायी जाये या कोई तथ्य मेरे द्वारा छिपाया जाना पाये जाये तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जाये।

तारीख .... आवेदक के हस्ताक्षर

स्थान ....